गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

coe@ggtu.ac.in

क्रमांक :–एफ( )गोगुजवि / बाँस / परीक्षा / 2024–25 / 1058 दिनांक–08.11.2024

अधिसूचना दिसम्बर 2024 / सेमेस्टर–1 / 3

विश्वविद्यालय परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2024–25 के "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020" के तहत लागू सेमेस्टर आधारित कोर्सेसः बीए, बीएससी, बी.कॉम, बीसीए प्रथम सेमेस्टर एवं एमए, एमएससी, एम.कॉम पूर्वार्द्ध के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र (**समस्त विद्यार्थी नियमित, पूर्व विद्यार्थी* एवं स्वयंपाठी**) आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन करने की **संशोधित तिथियाँ** निम्नानुसार हैं–

क. स.	पाठयक्रम का नाम	केटेगरी	आवेदन पत्र प्रारम्भ तिथि	आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि **बिना विलम्ब शुल्क**	विलम्ब शुल्क (200 रूपया) अन्तिम तिथि	विलम्ब शुल्क (500 रूपया) अन्तिम तिथि
01	स्नातक प्रथम वर्ष (बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम., बीसीए) प्रथम सेमेस्टर	नियमित, पूर्व विद्यार्थी एवं स्वयंपाठी छात्र	14.10.2024	20.11.2024	25.11.2024	30.11.2024
02	एम.ए. / एम.कॉम. / एम.एससी (पूर्वार्द्ध) प्रथम सेमेस्टर		14.10.2024	20.11.2024	25.11.2024	30.11.2024

विशेष– निजी महाविद्यालय आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि को प्रवेशित फॉर्म का बैंक चालान अनिवार्यतः जनरेट करें एवं अगले कार्य दिवस में बैंक में जमा कराएं। उक्त तिथि उपरांत नियमानुसार लगने वाले अधिभार के लिए निजी महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।

विशेष ध्यातव्य :–

समस्त नियमित, पूर्व विद्यार्थी एवं स्वयंपाठी विद्यार्थी आवेदन करने की अन्तिम तिथि के बाद आगामी तीन दिन में आवेदन पत्र मय समस्त दस्तावेज अनिवार्यतः सम्बन्धित महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र (केवल स्वयंपाठी हेतु) में जमा करेंगे। सत्र 2022–23 में स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध में अनुत्तीर्ण रहे विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2023–24 से लागू सेमेस्टर आधारित इस परीक्षा पद्धति हेतु सत्र 2024–25 में आवेदन करेंगे।

1. आवेदन पत्र की हार्ड प्रति जमा नहीं होने की स्थिति में विद्यार्थी के परीक्षा आवेदन की आगामी प्रक्रिया प्रोसेस नही की जा सकेगी।
2. समस्त विद्यार्थी स्वयं स्तर पर ऐकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट / द ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडेमिक अकाउण्ट रजिस्ट्री (ABC/APAR) अकाउंट बनायेंगे। इसके अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरा जाएगा।
3. **आवेदन पत्र के साथ कक्षा बारहवीं की टीसी, चरित्र प्रमाण पत्र एवं माइग्रेशन प्रमाण पत्र मूल एवं स्व–सत्यापित प्रति जमा करवाना अनिवार्य है। समस्त दस्तावेज मय आवेदन पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय परीक्षा केन्द्रो में जमा करवाना अनिवार्य हैं।**
4. नियमित अध्ययन के सम्बन्ध में समस्त नियम आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान की प्रवेश नीति सत्र 2024–25 के अनुसार ही रहेंगे।
5. **सत्र 2024–25 में नवप्रवेशित विद्यार्थी एवं सत्र 2023–24 के प्रथम सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण रहे विद्यार्थी ही इस अधिसूचना के तहत आवेदन करेंगे। पूर्व सत्र 2023–24 के प्रथम सेमेस्टर के प्रमोट विद्यार्थी जिन्होंने सत्र 2023–24 के द्वितीय सेमेस्टर में परीक्षा दी, द्वितीय सेमेस्टर का परिणाम लम्बित है, ऐसे विद्यार्थी जिनके सत्र 2023–24 के प्रथम सेमेस्टर में पेपर ड्यू / एब्सेन्ट / पेपर में 0 (जीरो) क्रेडिट है, ऐसे समस्त विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम घोषित होने के उपरांत तृतीय सेमेस्टर (दिसम्बर 2024) के परीक्षा फॉर्म भरते समय फर्स्ट सेमेस्टर के ड्यू पेपर रूप में परीक्षा आवेदन करेंगे। इसकी अधिसूचना पृथक से जारी की जाएगी।**
6. नियमित विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र में प्रवेशित महाविद्यालय में स्वयं का नाम न होने पर संबंधित महाविद्यालय से सम्पर्क करेंगे।
7. राजकीय महाविद्यालय द्वारा निर्धारित फॉर्मेट में सूचना प्राप्त न होने पर राजकीय महाविद्यालयों के नियमित विद्यार्थियों के आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू नही की जा सकेगी।
8. सत्र 2023–24 में स्नातक / स्नातकोत्तर (प्रथम वर्ष–प्रथम सेमेस्टर) के नियमित विद्यार्थी जो अनुत्तीर्ण हुए, वे सत्र 2024–25 में प्रथम सेमेस्टर में पूर्व विद्यार्थी (Ex Student) रूप में आवेदन करेंगे। इसी प्रकार सत्र 2023–24 में स्नातक / स्नातकोत्तर (प्रथम वर्ष–प्रथम सेमेस्टर) के स्वयंपाठी विद्यार्थी जो अनुत्तीर्ण हुए, वे सत्र 2024–25 में प्रथम सेमेस्टर में स्वयंपाठी विद्यार्थी (Private) रूप में आवेदन करेंगे।
9. निजी महाविद्यालय समेकित रूप से आवेदन करने के उपरांत बैंक चालान से ही फीस जमा करेंगे। किसी भी स्थिति में RTGS/NEFT/Online Transfer स्वीकार नही किया जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक
गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राज.)